दैनिक

# क्यूँ न लिखूँ सच

प्रातः कालीन

मुरादाबाद से प्रकाशित

वर्षः- 04
अंकः- 340
मुरादाबाद
05 April 2025
(Saturday)
पृष्ठः- 08
मूल्यः- 3.00 रूपया

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड


## अमित शाह बोले: मणिपुर हिंसा में 260 लोग मारे गए, लेकिन बंगाल में चुनावी संघर्ष में ही ढाई सौ लोग मार दिए गए

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मणिपुर की जातीय हिंसा में अब तक 260 लोग मारे गए हैं, लेकिन बंगाल में तो चुनावी हिंसा में ही ढाई सौ लोग मार दिए गए हैं। शाह ने कहा कि जातीय हिंसा और नक्सलवाद में फर्क है। दो समुदायों के बीच जब नस्लीय हिंसा होती है और हथियार लेकर देश की सरकार और जनता के खिलाफ खड़े नक्सलवादियों, दोनों से निपटने का तरीका अलग-अलग है। विपक्ष को



इन दोनों हिंसा में कोई फर्क नहीं दिखता है।केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को राज्य सभा में मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाए जाने के अनुमोदन के लिए प्रस्ताव रखा। सदन ने प्रस्ताव का अनुमोदन कर दिया। अमित शाह ने कहा कि 2004 से 2014 के बीच नॉर्थईस्ट में 11,327 हिंसक घटनाएं हुईं, लेकिन मोदी सरकार के दस साल में ये घटनाएं 70 प्रतिशत घटकर 3,428 रह गई हैं। सुरक्षाबलों की मृत्यु में 70 प्रतिशत और नागरिकों की मृत्यु में 85 प्रतिशत की कमी हुई है। मोदी सरकार ने नॉर्थईस्ट में 20 शांति समझौते किए हैं और 10 हजार से अधिक युवाओं ने हथियार डालकर आत्मसमर्पण किया है। गृह मंत्री ने कहा कि मणिपुर में जातीय हिंसा में 260 लोग मारे गए हैं, लेकिन बंगाल में तो चुनावी हिंसा में ही ढाई सौ लोग मार दिए गए हैं। प्रस्ताव प्रस्तुत करते हुए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने स्पष्ट किया कि मणिपुर सरकार के सामने कोई अविश्वास प्रस्ताव नहीं आया था, क्योंकि विपक्ष के पास यह प्रस्ताव लाने के लिए पर्याप्त सदस्य ही नहीं हैं। उनकी पार्टी के मुख्यमंत्री ने इस्तीफा दिया और फिर राज्यपाल ने भाजपा के 37, एनपीपी के 6, एनपीएफ के 5, जद (यू) के 1 और कांग्रेस के 5 विधानसभा सदस्यों से चर्चा की। जब अधिकतर सदस्यों ने कहा कि वे सरकार बनाने की स्थिति में नहीं हैं, तब कैबिनेट ने राष्ट्रपति शासन की अनुशंसा की, जिसे राष्ट्रपति महोदया ने स्वीकार किया।दिसंबर, 2024 से मणिपुर में नहीं हुई कोई हिंसा

अमित शाह ने कहा कि राष्ट्रपति शासन 13 फरवरी को लगाया गया, जबकि दिसंबर, 2024 से आज तक मणिपुर में कोई हिंसा नहीं हुई। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की भ्रांति फैलाने का प्रयास नहीं करना चाहिए। 13 फरवरी, 2025 से 7 साल पहले की स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि मणिपुर में उस वक्त विपक्ष की सरकार थी और तब वहां औसतन एक साल में 200 से अधिक दिन मणिपुर में बंद, ब्लॉकेड और कर्फ्यू रहता था और 1000 से अधिक लोग एनकाउंटर्स में मारे गए थे। उन्होंने कहा कि उस वक्त भी तत्कालीन प्रधानमंत्री ने मणिपुर का दौरा नहीं किया था। जातीय हिंसा और नक्सलवाद में फर्क- शाह केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि जातीय हिंसा और नक्सलवाद में फर्क है। दो समुदायों के बीच जब नस्लीय हिंसा होती है और हथियार लेकर देश की सरकार और जनता के खिलाफ खड़े नक्सलवादियों, दोनों से निपटने का तरीका अलग-अलग है। विपक्ष को इन दोनों हिंसा में कोई फर्क नहीं दिखता है। शाह ने कहा कि यह बहुत संवेदनशील विषय है और इस पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बंगाल में सैकड़ों साल तक संदेशखली में महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार होता रहा लेकिन विपक्ष ने कुछ नहीं किया और आर जी कार मामले में भी कुछ नहीं किया। यह डबल स्टैंडर्ड ज़्यादा दिन नहीं चल सकता है। गृह मंत्री ने कहा कि मणिपुर में जातीय हिंसा में 260 लोग मारे गए हैं, लेकिन बंगाल में तो चुनावी हिंसा में ही ढाई सौ लोग मार दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष दो सीटें जीतकर हमें सबक सिखाना चाहता है लेकिन देश की जनता ने तीन आम चुनावों में लगातार इन्हें सबक सिखाया है। मणिपुर में नस्लीय हिंसा पहली बार नहीं हुई- मणिपुर की जातीय हिंसा में अब तक 260 लोग मारे गए हैं जिनमें से 70 प्रतिशत पहले 15 दिन में ही मारे गए थे। शाह ने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब मणिपुर में नस्लीय हिंसा हुई है। उन्होंने सदन को बताया कि मणिपुर में 1993 से 1998 तक 5 साल तक नागा-कुकी संघर्ष हुआ, जिसमें 750 मौतें हुईं और छिटपुट घटनाएं एक दशक तक चलती रहीं। उन्होंने कहा कि उस वक्त तत्कालीन प्रधानमंत्री वहां नहीं गए। 1997-98 में कुकी-पाइते संघर्ष हुआ, जिसमें 50 से अधिक गांव नष्ट हुए, 13 हज़ार लोग विस्थापित हुए, 352 लोग मारे गए, सैकड़ों घायल हुए और 5 हज़ार घर जलाए गए। 1993 में 100 से अधिक मृत्यु हुईं- शाह ने कहा कि 1993 में छह माह तक चले मैतेई-पंगल संघर्ष में 100 से अधिक मृत्यु हुईं थीं। इन हिंसाओं के दौरान भी तत्कालीन प्रधानमंत्री वहां नहीं गए। उन्होंने कहा कि उस वक्त उनकी पार्टी ने हिंसा का राजनीतिकरण नहीं किया था लेकिन आज विपक्ष राजनीतिक तंज कसकर मणिपुर के घावों पर नमक छिड़कने का काम कर रहा है। अमित शाह ने कहा कि मणिपुर उच्च न्यायालय के आदेश से पहले, 7 साल के शासन में मणिपुर में एक भी दिन बंद और कर्फ्यू नहीं रहा और न ही हिंसा हुई। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय के एक फैसले के कारण मणिपुर के जनजातीय और गैरजनजातीय समुदायों के बीच जातीय हिंसा शुरू हुई थी। उन्होंने कहा कि यह हिंसा न तो सरकारी विफलता है, न आतंकवाद और धार्मिक संघर्ष है, बल्कि हाई कोर्ट के एक फैसले की व्याख्या से दो समुदायों में फैली असुरक्षा की भावना के कारण हुई जातीय हिंसा है। उन्होंने कहा कि अगले ही दिन सर्वोच्च न्यायालय ने आदेश को स्टे कर दिया था क्योंकि वहएक असंवैधानिक आदेश था। सामान्य स्थिति होते ही मणिपुर में हटेगा राष्ट्रपति शासन- केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि मणिपुर में राष्ट्रपति शासन किसी को बचाने या अविश्वास प्रस्ताव के कारण नहीं लगाया गया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति शासन लगने के बाद भारत सरकार के गृह सचिव रहे अजय कुमार भल्ला को वहां का राज्यपाल बनाया गया है और अब वहां शांति है। उन्होंने सदन को बताया कि दोनों पक्षों के बीच कई बैठकें हो चुकी हुई हैं, इस सदन के चलने के समय भी दो बैठकें हुई हैं और दोनों समुदायों की नई दिल्ली में जल्द ही एक और बैठक होने की संभावना है। गृह मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि दोनों समुदाय स्थिति को समझेंगे और संवाद का रास्ता अपनाएंगे। उन्होंने कहा कि मणिपुर में स्थिति सामान्य होते ही एक भी दिन राष्ट्रपति शासन नहीं रखा जाएगा क्योंकि राष्ट्रपति शासन उनकी पार्टी की नीति नहीं है।

### संक्षिप्त समाचार

## गर्मी से हाल होगा बेहाल- दिल्ली में हीट वेव का यलो अलर्ट, चार दिन ऐसा रहेगा मौसम; साफ कर लो AC-कूलर

देश की राजधानी दिल्ली में मौसम विभाग ने हीट वेव को लेकर चेतावनी जारी कर दी है। मौसम विभाग के मुताबिक, अप्रैल की शुरूआत में ही लू चलेगी। दिल्ली में अप्रैल माह में ही सूरज आसमान से आग बरसा रहा है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों को लेकर चेतावनी जारी कर दी है। मौसम विभाग ने बताया कि दिल्ली में अप्रैल की शुरुआत में ही लू चलेगी। वहीं गर्मी से हाल बेहाल होगा। मौसम विभाग ने 8 अप्रैल तक हीट वेव की स्थिति को लेकर येलो अलर्ट जारी किया। तापमान 40-42 डिग्री के बीच रहेगा।वहीं बीता गुरुवार इस सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। अधिकतम तापमान 39 डिग्री दर्ज किया गया था। वहीं दिल्ली के रिज इलाके में अधिकतम तापमान 40.4 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। मौसम विभाग के अनुसार अभी गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। वहीं न्यूनतम तापमान में अब बढ़ोतरी होनी शुरू होगी। रविवार तक तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच जाएगा।अप्रैल में गर्मी रहेगी ज्यादा बारिश नहीं होने और मौसम के शुष्क रहने के कारण तापमान में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। इस सप्ताह के अंत तक तापमान के 40 डिग्री पार करने की संभावना है। इस कारण से चिलचिलाती धूप और झुलसा देने वाली गर्मी से सामना होगा। विभाग की ओर से पहले ही कहा जा चुका है कि अप्रैल में गर्मी ज्यादा रहेगी। 6 व 7 अप्रैल को अधिकतम तापमान 38-41 डिग्री और न्यूनतम तापमान 19-22 डिग्री के बीच रहने की संभावना है। वहीं 8 व 9 अप्रैल को भी तापमान 38-40 डिग्री और न्यूनतम तापमान 21-23 डिग्री के बीच रह सकता है।

## मुख्यमंत्री योगी ने लॉन्च की 6500 करोड़ की आवासीय योजना, आज से ही बुक कराइए अपनी जमीन, पंजीकरण शुरू



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अनंत नगर आवासीय योजना का शुभारंभ कर दिया। यह योजना 6500 करोड़ की है जो कि 785 एकड़ में प्रस्तावित है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ विकास प्राधिकरण की अनंत नगर आवासीय योजना लॉन्च कर दी। इस योजना की लागत 6500 करोड़ रुपये है जो कि 785 एकड़ में प्रस्तावित है। शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने योजना को हरी झंडी दिखाई। इसके साथ ही मोहान रोड स्थित इस योजना में भूखण्डों के लिए पंजीकरण का शुभारंभ हो गया।आठ सेक्टर में बंटी योजना का ग्रिड पैटर्न पर हुआ विकास- अनंत नगर नाम से लॉन्च हुई एलडीए की मोहान रोड योजना में कुल आठ सेक्टर होंगे। इनके नाम भी तय हो गए हैं। इसमें आकाश खंड, आदित्य खंड, आलोक खंड, आदर्श खंड, आशीष खंड, आमोद खंड, आलेख खंड और आभास खंड होंगे। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि चंडीगढ़ के पंचकुला की तरह मोहान रोड योजना का विकास ग्रिड पैटर्न पर किया जाएगा। योजना कलिया खेड़ा और प्यारेपुर गांव की 785 एकड़ क्षेत्रफल में विकसित की जा रही है।प्रत्येक सेक्टर में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, सेक्टोरल शॉपिंग सेंटर, बरात घर और वेंडिंग जोन का प्रावधान किया जाएगा। योजना में पांच श्रेणी के आवासीय भूखंड नियोजित किए जाएंगे। इसमें 112.50 वर्गमीटर, 162 वर्गमीटर, 200 वर्गमीटर, 288 वर्गमीटर व 450 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखंड शामिल हैं। ग्रुप हाउसिंग के बड़े भूखंड भी नियोजित किए जाएंगे। इसके अलावा 102 एकड़ के विशाल क्षेत्रफल में एजुकेशन सिटी विकसित की जाएगी। फैक्ट फाइल- - जमीन की कीमत 41150 रुपये प्रति वर्ग मीटर तय की गई है।- पंजीकरण ऑनलाइन एलडीए पोर्टल द्यस्त्रड्ड.द्बठ्ठ इन पर होगा। - पंजीकरण शुल्क 1100 रुपये तय किया गया है। - पंजीकरण एक महीने तक चलेगा।

## वक्फ संशोधन बिल पारित होते ही मुस्लिम कार्यकर्ताओं का नीतीश से मोहभंग, समूह में छोड़ रहे JDU



वक्फ संशोधन बिल पर जेडीयू में बड़ी टूट सामने आ रही है। मुजफ्फरपुर में 20 से अधिक मुस्लिम नेताओं ने जदयू को छोड़ दिया है। उन लोगों ने नेमप्लेट तोड़कर सीए नीतीश कुमार के खिलाफ नारे भी लगाए। बिहार में वक्फ संशोधन बिल को लेकर जारी सियासी उबाल ने अब जेडीयू की जड़ों को भी हिलाना शुरू कर दिया है। वक्फ बिल पर मोदी सरकार को समर्थन देने के बाद जदयू में अल्पसंख्यक समुदाय के नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच गहरी नाराजगी देखी जा रही है। अब मुजफ्फरपुर जिले से इस नाराजगी का पहला बड़ा असर सामने आया है, जहां जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव अफरीदी रहमान ने अपने 20 से अधिक समर्थकों के साथ पार्टी से इस्तीफा दे दिया है।इस्तीफा देने के साथ ही अफरीदी रहमान और उनके समर्थकों ने अपने-अपने घरों पर लगे जेडीयू के नेमप्लेट तोड़कर विरोध जताया। साथ ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। पार्टी से नाता तोड़ते हुए इन नेताओं ने नीतीश कुमार पर मुसलमानों के साथ विश्वासघात करने का गंभीर आरोप लगाया है। 'वक्फ की जमीन बचाने की लड़ाई है, यह केवल राजनीति नहीं' अफरीदी रहमान ने इस्तीफा देते हुए कहा कि वक्फ संपत्तियां हमारे पूर्वजों की धरोहर हैं। इन संपत्तियों में मस्जिद, कब्रिस्तान, मदरसा जैसी आस्थाओं से जुड़ी चीजें आती हैं, जिन्हें आजादी से पहले वक्फ किया गया था। लेकिन केंद्र सरकार ने वक्फ संशोधन बिल लाकर मुसलमानों की इन संपत्तियों को हड़पने की साजिश रची है। उन्होंने कहा कि जेडीयू जैसे धर्मनिरपेक्ष कहे जाने वाले दल का इस बिल का समर्थन करना मुस्लिमों के साथ खुला धोखा है।'नीतीश ने हमें ठगा, अब पछतावा हो रहा है' अफरीदी रहमान ने कहा कि उन्होंने वर्षों तक जेडीयू का झंडा उठाया, लोगों के बीच पार्टी की विचारधारा का प्रचार किया। लेकिन अब यह साफ हो चुका है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुस्लिम समुदाय के साथ न्याय नहीं किया। उन्होंने कहा कि हमें अफसोस है कि हमने इतनी वफादारी निभाई और अंत में हमें ही धोखा मिला।'नीतीश ने हमें ठगा, अब पछतावा हो रहा है' अफरीदी रहमान ने कहा कि उन्होंने वर्षों तक जेडीयू का झंडा उठाया, लोगों के बीच पार्टी की विचारधारा का प्रचार किया। लेकिन अब यह साफ हो चुका है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुस्लिम समुदाय के साथ न्याय नहीं किया। उन्होंने कहा कि हमें अफसोस है कि हमने इतनी वफादारी निभाई और अंत में हमें ही धोखा मिला पार्टी में बढ़ता असंतोष, मुस्लिम नेताओं में गहरी नाराजगी यह घटनाक्रम केवल मुजफ्फरपुर तक सीमित नहीं है। वक्फ संशोधन बिल पर जेडीयू के रुख से मुस्लिम समुदाय के नेताओं में लगातार नाराजगी बढ़ती जा रही है। पार्टी से जुड़े कई अन्य जिलों के मुस्लिम कार्यकर्ता भी अपने-अपने स्तर पर विरोध दर्ज करा रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, आने वाले दिनों में अन्य जिलों से भी इस्तीफों का सिलसिला शुरू हो सकता है। बिल पर देश भर में विरोध, पर जेडीयू का समर्थन- वक्फ संशोधन बिल को लेकर पूरे देश में मुस्लिम समुदाय द्वारा विरोध किया जा रहा है। समुदाय का आरोप है कि यह बिल मुस्लिमों की धार्मिक संपत्तियों को छीनने का रास्ता खोलता है। हालांकि केंद्र सरकार इसे है, लेकिन विपक्ष में शामिल कई पार्टियों के साथ जेडीयू, लोजपा, हम पार्टी और दक्षिण भारत के कुछ दलों द्वारा समर्थन देने के बाद से अल्पसंख्यकों में असंतोष गहरा गया है।

## सरकार ने पूर्व पीएम मनमोहन सिंह की पत्नी की सुरक्षा घटाई; अब Z श्रेणी सिक्योरिटी कवर

केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों की तरफ से पूर्व प्रधानमंत्री स्व. मनमोहन सिंह की पत्नी गुरशरण कौर की सुरक्षा की समीक्षा के बाद उनको मिल रही सुरक्षा श्रेणी में बदलाव किया गया है। बता दें कि, पहले उन्हें जेड-प्लस श्रेणी की सुरक्षा मिल रही थी।केंद्र सरकार ने पूर्व पीएम स्व. मनमोहन सिंह की पत्नी गुरशरण कौर की सुरक्षा घटा दी है। जानकारी के मुताबिक, गुरशरण कौर को अब जेड- श्रेणी सिक्योरिटी की सुरक्षा मिलेगी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि केंद्र ने समीक्षा के बाद दिवंगत प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की पत्नी गुरशरण कौर की सशस्त्र सुरक्षा घटाकर जेड श्रेणी कर दी है। पिछले साल 26 दिसंबर को 92 वर्ष की आयु में दिवंगत हुए पूर्व प्रधानमंत्री के निकटतम परिवार से होने के कारण उन्हें पहले जेड-प्लस श्रेणी की केंद्रीय सुरक्षा दी गई थी।केंद्रीय खुफिया एजेंसियों ने की सुरक्षा की समीक्षा सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय खुफिया एजेंसियों की तरफ से गुरशरण कौर की सुरक्षा की हाल ही में की गई समीक्षा में उन्हें जेड श्रेणी में रखने का प्रावधान किया गया है, जो सुरक्षा का दूसरा सबसे उच्च स्तर है। इसके बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) वीआईपी सुरक्षा विंग को कौर के लिए जेड श्रेणी के अनुसार कर्मियों की संख्या और प्रोटोकॉल कम करने का निर्देश दिया है। निजी सुरक्षा के साथ मिलेगी घर की सुरक्षा- सूत्रों ने बताया कि उन्हें निजी सुरक्षा के साथ-साथ उनके घर की सुरक्षा के लिए करीब 12 सशस्त्र कमांडो की सुरक्षा मिलेगी। उन्होंने बताया कि सुरक्षा के वर्गीकरण में बदलाव के कारण पूर्व पीएम के लिए स्वीकृत दिल्ली पुलिस कर्मियों की संख्या में भी कमी आई है। बता दें कि, केंद्र सरकार की तरफ से पूर्व प्रधानमंत्रियों के लिए विशेष सुरक्षा समूह अधिनियम में बदलाव किए जाने के बाद, पूर्व पीएम मनमोनह सिंह को 2019 में सीआरपीएफ के उन्नत सुरक्षा संपर्क (एएसएल) प्रोटोकॉल के साथ जेड-प्लस कवर प्रदान किया गया था।स्व. मनमोहन सिंह 2004 से 2014 के बीच दो बार देश के प्रधानमंत्री रहे।बता दें कि, केंद्रीय सुरक्षा सूची के तहत वीआईपी सुरक्षा कवर उच्चतम जेड-प्लस (एएसएल) से शुरू होकर जेड-प्लस, जेड, वाई, वाई-प्लस और एक्स तक होता है।



संपादकीय Editorial

# Revdis are not 'bhikh'

Madhya Pradesh government minister Prahlad Patel has called the common people 'beggars'. The minister is upset that people start pushing their papers forward on seeing the leader, start making demands, start asking for jobs for their children. It seems as if the public is begging like beggars! Whatever the context may be or the minister's state of mind may not be right, but the real beggars are the leaders and ministers, who plead with the public for every single vote during elections. After all, who made Prahlad Patel an MLA and minister? If he will not listen to the common man and will not try to fulfill his demands, then why is he in power? Should the public perform his aarti? In democracy, the basic power lies with the public, whose voting rights elect MLAs and MPs. Later they get ministerial posts in the government. Prahlad Patel was also a minister in the Modi government at the Center. From there he was brought into state politics. It is possible that that frustration is still stored within him! In democracy, elected faces are called 'public servants'. Prime Minister Modi also considers himself the 'Pradhan Sevak' of the country. He never once called the public 'beggars' during his 11 years in power. Here, some leaders have started speaking foul language. An MLA estimates the average value of a voter to be Rs 2000 and considers a 'prostitute' to be better than that. Maharashtra Deputy Chief Minister Ajit Pawar had said that you voted for me, but this does not mean that you have become my 'boss'. What kind of political culture is this? The trend of distributing freebies in politics is becoming widespread, in fact, it is a greed, a bribe, political parties cannot consider it 'bhikh'. If someone has called the bhikhs 'bhikhs', then the political group is responsible and guilty for it. It was they who started distributing bhikhs in view of their own selfish interests. Now this freebie is ruining the country's economy because money is needed to distribute freebies and the governments are facing acute shortage of capital. There is no state which has not taken loan to distribute freebies. Two examples are noteworthy. When Prime Minister Modi had started the 'Kisan Samman Nidhi' scheme, about 14 crore farmers were covered under it, but now this number has come down to about 8.5 crore farmers. These so-called freebies of Rs 6000 per annum are being distributed to them only. The Prime Minister himself is against the politics of freebies, but BJP governments are also taking loans to make people drink ghee. The latest case is of the Delhi semi-state government. March 8 is 'International Women's Day'. Chief Minister Rekha Gupta has assured the public that Rs 2500 will be deposited in the accounts of eligible women by that date. The government needs about Rs 21,000 crores only for distributing these freebies. Delhi's budget is about Rs 77,000 crore. Out of that, about Rs 64,000 crore is spent on salaries, allowances, pensions etc. The question is, from where will the semi-state government get the money to distribute freebies among women? In the government whose minister was considering the public as 'beggars', the promise of giving Rs 3000 under the 'Laadli Bahina' scheme is incomplete. The BJP-Mahayuti government of Maharashtra has had to delete the names of 5 lakh women under the 'Laadki Bahina' scheme because the government does not have the budget. In fact, such freebies have made the average man useless, lazy and idle. Anyway, a concrete decision should be taken on this subject.

# Dealing with online filth is not easy, vulgar and obscene content will have to be banned

Every country may have made its own rules and regulations regarding obscene content, but online platforms have proved them meaningless. It is a blatant lie that online platforms are sensitive towards vulgarity and pornography. They may make such claims, but the truth is that their effort is to make more and more people watch such content. The case of a very vulgar comment made by another YouTuber Ranveer Allahabadia during the India's Got Latent program on comedian Samay Raina's YouTube channel was again heard in the Supreme Court. The Supreme Court allowed Ranveer Allahabadia to start his podcast, but it reprimanded Samay Raina a lot, because the judges were informed that Raina had taken a dig at the proceedings of the apex court during his Canada tour. Mumbai and Guwahati police are also investigating this matter. It is difficult to say what conclusion it will reach. It is difficult to say what the Supreme Court will do in this case, but for now it seems that it has adopted a tough attitude. It again asked the government to regulate the content of YouTube channels and other online platforms. How serious it is on this issue can be known from the fact that it asked the government to prepare a draft for it. If the government takes any initiative in this direction as per the Supreme Court's instructions, then there may be a hue and cry against it saying that it may affect the freedom of expression. Although the Supreme Court has said that the measures of regulation should not seem like censorship, but there are high chances that any initiative of the government in this direction will definitely raise questions that freedom of expression is being obstructed. Everyone knows that freedom of expression is not unlimited, but it is always difficult to decide when the limit is crossed. It is not easy to determine what is objectionable and what is not, because what is vulgar for one is humor for another. What is objectionable or insulting for someone is the truth for others. Similarly, what is vulgar and obscene for some is 'cool' for others. It is not hidden from anyone that many people are also opposing the action taken against Samay Raina, Ranveer Allahabadia and their colleagues. Their argument is that how can someone be put in jail for obscenity? Some are saying that the police and the court are wasting their time in this matter and after all Raina and Allahabadia did not invite people to watch their show. Some people are also asking whether problems like poverty and unemployment will be solved by sending Raina, Allahabadia etc. to jail. What they mean to say is that the police or the court should not get into this mess. Should they really not get into it? There is no direct answer to this either, but it is certain that many comedians, influencers etc. are spreading vulgarity and obscenity online, ignoring it will not solve any problem. This also does not mean that putting Raina, Allahabadia etc. in jail is the right solution to the problem. It is difficult to support those who want to ignore vulgar online content in the name of freedom of expression, because many so-called comedians and influencers are serving filth on online platforms. By doing this, they are not only making money but also getting publicity and fame. They are being invited as participants or guests in TV shows. Samay Raina appeared in Kaun Banega Crorepati some time back. Anyone can understand that he was invited so that the viewership of Kaun Banega Crorepati increases. Even though such people are called influencers, it is difficult to understand whether they influence people or are adversely affected? Platforms like YouTube, Instagram, Twitter (X) are full of vulgar, obscene content. Every country may have made its own rules and laws regarding obscene content, but online platforms have proved them meaningless. It is a blatant lie that online platforms are sensitive towards vulgarity and obscenity. They may claim so, but the truth is that their effort is to make more and more people watch such content. This is because these platforms have given them a free hand. These platforms shrug off the responsibility by saying that they are just a medium, that is, their work is like that of a postman. This is why these platforms are used by hateful and anarchic elements as well as terrorists. It would not be wrong to say that online platforms are unbridled and they do not care about any rules and laws. This is why they have become the biggest source of fake news. Now when it is being awaited what the government and the Supreme Court do in the matter of spreading vulgarity, then it will also have to be seen what the society does, because the kind of content that is watched more on online platforms is the same that is circulated more. Since vulgar content is being watched, that is why it is also being served.

# Due to the desire to go to the West, the hope of getting proper opportunities and respect

With some exceptions, our intellectuals do not even have an understanding of policy-making and good governance. They rely on sloganeering. Then which country would want a crowd of such people? It is natural that the American administration also wants to keep only the deserving Indians and strictly expel the rest. We should be concerned about improving our own house. It is self-deprecating to criticize others. The sentiments of many people in our country are being hurt when Indians living or entering America illegally are being expelled from there. The manner in which people are being sent from there is hurtful. Meanwhile, the basic point is being neglected that why are people leaving India in large numbers? The common understanding is that people go for employment, but the youth from affluent families also want to go to America and Europe. Such people do not have any particular problem of livelihood here. In fact, among the Indians going to America or Europe, very few people go there with any appointment letter. Most of them go there for studies and then start some small job. Many times this is done by violating the rules there. For most Indians who go to Canada, course admission is just an excuse. They go there with the intention of staying there.

A form of the same process is seen here in the country too. In every village, countless parents, while educating their children, want them to go out and work in places like Delhi, Mumbai, Bangalore etc. Whereas Indians settled in Delhi-Bengaluru aspire for their children to go and live in Europe-America and make such plans. This entire process is like choosing for migration. This is a silent display of collective distrust against their society, their system. People want to leave their society and country by using their resources, intelligence and hard work and go to a place which seems more organized and provides opportunities. This point is worth considering. India is not a poor country, but it is suffering from mismanagement. Otherwise, the amount of wealth that upper middle class Indians have is not seen in many European countries, but our general political, administrative, educational systems are in a bad state, which discourages. These systems do not respect merit or wisdom.

Educational institutions are either a formality or a pure business. So, talents are left to God's mercy. In other fields too, there is a system of giving and taking almost every opportunity or position on some other basis. That is why people are migrating abroad, where there is hope of getting proper opportunity and respect. To call it people's greed is like insulting them. Independent India created such a system which has no imagination of its own. That is why it is indifferent to virtue, talent and merit. America created such a system which welcomes virtue, talent and merit from all over the world. Now showing all the anger on the way illegal Indians are sent from America is like giving relief to those Indians. In fact, our arrogance and uselessness are two sides of the same coin. With the same attitude with which we boast or criticize others, we shirk every responsibility by putting it on someone else. From security to education, medical care, daily administration and justice system, in every matter, party politics, blaming others and rhetoric are our main discussions. This has been going on in India for a long time. Blaming others and considering oneself automatically afflicted, right or superior. This is easy. One does not have to put in the effort of any concrete test for this.

In this process, there is such a triple illusion of hatred-condemnation-comfort that we ignore even the biggest truth like the elephant visible in front of us. Whatever we regularly claim in our discussions, our actual behavior shows the exact opposite of it. Our entire life, from leaders to intellectuals, students and managers, i.e. policy, industry, education, art, lifestyle, gestures, sports, entertainment etc. is mainly driven by foreign ideas, objects, language, style, models etc. Does this not clearly show that we also consider American-European things, ideas, solutions, books, films, music and sports etc. to be superior? For that, do you want to leave everything, your knowledge, philosophy, rules and regulations, language and culture, even the country forever and settle in America or Europe? You want to send your children there and settle there by investing all your intelligence, hard work and money. This is a practical point. Even a small child does better than the two things available to him.

Therefore, it is appropriate to make truth and behavior the criterion. Then it will be seen that most Indians are ready to adopt America and Europe, because we have not been able to make anything of ours comparable. The question is, if any Swadeshi discriminates, neglects, oppresses us, etc., then is that acceptable? Whereas if a foreigner behaves in the opposite way, will we not accept it? To this, millions of our people give priority to migration abroad as soon as they get the opportunity. This is the intense process of leaving the country and settling in Europe, America or Australia. What else is this except happily accepting their culture, their education, their rule? They even suffer for this. That is, not only is that culture and governance better, but many Indians are ready to undergo long penance to become its citizens, to live there even without citizenship. Without any invitation or pressure. To attribute this to mere greed is an insult to those Indians whom we first do not give proper opportunity or place, and then we do not want them to be treated as citizens. They make fun of the talent and hard work of the people. They are indifferent to facts and evidence. Our intellectuals, with few exceptions, do not even understand policy-making and good governance. They rely on sloganeering. Then which country would want a crowd of such people? It is natural that the American administration also wants to keep only the deserving Indians and strictly exclude the rest. We should be concerned about improving our own house. Criticizing others is self-abasement.

# पत्नी से विवाद के बाद युवक ने फंदे पर झूलकर की आत्महत्या, तीन माह पहले हुई थी शादी

मुरादाबाद- कटघर थाना क्षेत्र में पत्नी से विवाद के बाद युवक ने फंदे पर झूलकर आत्महत्या कर ली। उसका शव





कमरे में फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।थाना कटघर क्षेत्र के गुलाबबाड़ी पुराना शिव मंदिर इलाके में रहने वाला आनंद (25) पुत्र संतोष प्राइवेट नौकरी करता था। बताया गया कि तीन माह पहले उसकी शादी संभल निवासी युवती से हुई थी। बहन मनीषा ने बताया कि आनंद की पत्नी फोन पर किसी से बात करती थी, जिसको लेकर दोनों में विवाद रहता था। गुरुवार रात में दोनों में झगड़ा हुआ। उसी के कुछ देर बाद आनंद ने कमरे में फंदा लगा लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक विभाग की फील्ड यूनिट बुलाकर जांच पड़ताल कराने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आनंद अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। उसकी मौत के बाद से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। थाना कटघर प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि एक युवक का शव फंदे पर लटका मिला है। उसका पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर जांच करके आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# साले ने वक्फ संशोधन बिल के समर्थन में की पोस्ट, लोगों ने जीजा को पीटा, एक ही समुदाय के दोनों पक्ष

मुरादाबाद- गुन्नौर में वक्फ संशोधन बिल को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। आरोप है कि बिल का समर्थन करने पर युवक को तमंचे की बट से पीटा गया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। गुन्नौर कस्बे की अबू वकर मस्जिद पर मगरिब की नमाज के बाद वक्फ संशोधन बिल पर चर्चा के दौरान एक समुदाय के दो पक्ष भिड़ गए। एक पक्ष ने वक्फ संशोधन बिल का समर्थन करने पर दूसरे पक्ष के युवक को तमंचे की बट मारकर घायल करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है।पुलिस ने घायल को मेडिकल के लिए भेजा। कस्बा निवासी जाहिद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शाम चार बजे करीब अपना टीवी ठीक कराने मुबीन मिस्त्री के घर गया था। जब वह मिस्त्री के घर से बाहर निकला तो उसकी पहचान के दो युवकों के साथ अन्य पांच युवकों ने उसे घेर लिया। इसके बाद गाली गलौज व मारपीट करने लगे। पीड़ित का कहना कि उनके साले ने वक्फ संशोधन बिल के समर्थन में पोस्ट डाली थी।जिस कारण उन युवकों ने उसके साथ मारपीट की। साथ ही उस पर तमंचे से फायर किया, जिसमें वह बाल-बाल बच गया। आरोप है कि युवकों ने उसे तमंचे की बट मारकर घायल कर दिया। कोतवाली प्रभारी अखिलेश प्रधान ने बताया कि वक्फ संशोधन बिल पर चर्चा के दौरान दो पक्षों में मारपीट की सूचना मिली है। एक पक्ष की तहरीर मिली है। बालिका के साथ छेड़खानी करने वाले शिक्षक को भेजा जेल-धनारी में सात वर्षीय बालिका के साथ छेड़खानी करने वाले आरोपी शिक्षक के खिलाफ पॉक्सो एक्ट में केस दर्ज किया गया। इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बाबू राम गौतम ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर दी थी। जिसमें कहा था कि उसकी बेटी कक्षा तीन की छात्रा है। वह घर के सामने खेल रही थी। तभी ट्यूशन पढ़ाने वाला युवक मोनू पीड़ित के घर के पास से गुजर रहा था। उसने बच्ची को अकेला पाकर उसे गोद में उठा लिया और उसके साथ छेड़खानी करने लगा। बेटी के रोने पर शिक्षक मौके से भाग निकला। घर पहुंचकर बालिका ने परिजनों को आपबीती बताई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया की आरोपी को बुधवार को गांव उधरनपुर अजमत नगर के पास बने पुल से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसका जेल भेज दिया गया।



# जामा मस्जिद पर हवन करने की कोशिश, दिल्ली से पहुंचे हिंदुवादी संगठन के लोग, पुलिस ने किया गिरफ्तार

मुरादाबाद- संभल की जामा मस्जिद में जुमा नमाज के दौरान अखिल भारत हिंदू महासभा के छह कार्यकर्ता हवन करने पहुंच गए। समय रहते पुलिस ने सभी को मस्जिद के पास से हिरासत में ले लिया। शांति भंग करने के आरोप में केस दर्ज कर सभी का चालान कर दिया गया।संभल में फिर एक बार माहौल खराब करने का प्रयास किया गया। शुक्रवार को शाही जामा मस्जिद में जुमा नमाज के दौरान हिंदू संगठन के कार्यकर्ता पूजा करने के लिए पहुंच गए। यह देख पुलिस के हाथ पांव फूल गए। पुलिस ने तुरंत सभी को हिरासत में ले लिया। इसके बाद केस दर्ज उन्हों गिरफ्तार कर लिया है।पहले भी आरोपी एसडीएम कोर्ट में यज्ञ कर चुके हैं। संभल की शाही जामा मस्जिद में शुक्रवार की दोपहर जुमा की नमाज अदा की जा रही थी। सीओ अनुज चौधरी समेत भारी पुलिस बल मस्जिद के आसपास सुरक्षा की दृष्टि से मुस्तैद थे। इसी दौरान अखिल भारत हिंदू महासभा के छह लोग मस्जिद में पूजा करने के लिए पहुंच गए। पुलिस को जैसे ही भनक लगी तो सभी कार्यकर्ताओं को मस्जिद से 100 मीटर पहले पिछले हिस्से पर रोक लिया। सीओ ने जब सभी से यहां आने का कारण पूछा तो बताया कि वह मस्जिद में हवन करना चाहते हैं। इसी बीच डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया और एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई भी पहुंच गए। एसपी के आदेश के बाद पुलिस ने सभी कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। कोतवाली में सभी के खिलाफ शांति व्यवस्था बिगाड़ने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। इसके बाद सभी का चालान कर दिया गया। शाही जामा मस्जिद में पूजा अर्चना के लिए आ रहे अखिल भारत हिंदू महासभा के कार्यकर्ता को गिरफ्तार किया गया है। पूर्व में भी इन्हें हिदायत दी गई, लेकिन इसके बाद भी माहौल खराब करने का प्रयास किया गया। सभी के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर चालान किया गया है। -कृष्ण कुमार विश्नोई, एसपी संभल



# रामनवमी पर सत्यव्रत चौकी का लोकार्पण संभव, राजस्थानी पत्थर पर उकेरी गई आकृति...लिखा गया यह श्लोक

मुरादाबाद- संभल की जामा मस्जिद के पास बन रही सत्यव्रत पुलिस चौकी का लोकार्पण रामनवमी पर हो सकता है। चौकी के मुख्य गेट पर महाभारत के रथ की आकृति और गीता श्लोक आकर्षण का केंद्र रहेंगे। दो मंजिला, हाईटेक और सुरक्षा की दृष्टि से पूरी तरह सुसज्जित यह चौकी तैयार की जा रही है। संभल की जामा मस्जिद के पास सत्यव्रत चौकी का लोकार्पण रामनवमी पर हो सकता है। बृहस्पतिवार को एएसपी श्रीश्चंद्र पुलिस चौकी का निरीक्षण करने पहुंचे और तेजी से कार्य पूरा करने के निर्देश दिए हैं। जिले का कंट्रोल रूम सत्यव्रत पुलिस चौकी में बनेगा। संभल में 24 नवंबर को जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान बवाल के बाद मस्जिद के पास सत्यव्रत चौकी का निर्माण का निर्णय लिया गया था।इस पुलिस चौकी को सुरक्षा बढ़ाने के लिहाज से तैयार कराया गया है। दो मंजिला इस इमारत में कई कक्ष बनाए गए हैं। जिससे पर्याप्त फोर्स के ठहरने की व्यवस्था भी रहे। भवन को सुसज्जित और हाईटेक बनाया जा रहा है। जिले का कंट्रोल रूम भी इसी चौकी में बनेगा। पुलिस चौकी में महाभारत के रथ की आकृति मुख्य गेट के सामने तैयार कराई गई है।यह आकृति राजस्थानी पत्थर से तैयार हुई है और कारीगर को भी राजस्थान से ही बुलाया गया है। इस आकृति को कारीगर द्वारा संवारा जा रहा है। कारीगर योगेश शर्मा ने बताया कि फिनिशिंग का काम किया जा रहा है। इसको तैयार होने में 15 दिन का समय लगा है। इस आकृति में गीता के चौथे अध्याय से लिया गया भगवान श्री कृष्ण का प्रसिद्ध श्लोक भी लिखा गया है।गीता का श्लोक महाभारत के रथ के साथ लिखा पुराणों में उल्लेख मिलता है कि कलियुग में भगवान का अवतरण संभल में होगा। सत्यव्रत पुलिस चौकी में गीता के चौथे अध्याय से लिया गया श्लोक लिखा है। जिसमें भगवान श्रीकृष्ण अपने अवतार लेने के उद्देश्य और कारण अर्जुन को बताते हैं। यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्गवति भारत, अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्। परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम्, धर्म संस्थापनार्थाय सम्भवामि युगे युगे ।। इसका अर्थ है = जब-जब धर्म की हानि होती है, हे भारत, और अधर्म में वृद्धि होती है, तब-तब मैं अपने रूप को प्रकट करता हूं। साधुओं के उद्धार और दुष्कर्मियों के विनाश के लिए, तथा धर्म की पुनर्स्थापना के लिए, मैं हर युग में प्रकट होता हूं।चार चौकियों का किया गया शिलान्यास संभल जिले में पुलिसिंग व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए चौकियों की स्थापना कराने का काम जारी है। बृहस्पतिवार को संभल सर्किल क्षेत्र में चार चौकियों का शिलान्यास हुआ। जल्द ही यह चौकियां बनकर तैयार होंगी। कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव लखनपुर और खिरनी मोहिउद्दीनपुर में पुलिस चौकी का निर्माण किया जाएगा। संभल-गंवा मार्ग किनारे पुलिस चौकी का शिलान्यास चौकी प्रभारी संदीप कुमार मलिक ने विधिवत पूजा अर्चना के बाद किया। गांव लखनपुर में रोड किनारे पुलिस चौकी का शिलान्यास मनोज कुमार ने किया। हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव चंदायन में पुलिस चौकी का शिलान्यास आरएसएस के विभाग कार्यवाह छत्रपाल ने कराया।




## संक्षिप्त समाचार

# मुरादाबाद में जुम्मे की नमाज को लेकर पुलिस हाई अलर्ट, ड्रोन से निगरानी

मुरादाबाद- वक्फ संशोधन बिल के पारित होने के बाद मुरादाबाद में शुक्रवार को जुम्मे की नमाज के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। खासतौर पर जमा मस्जिद इलाके में सुबह से ही भारी पुलिस बल तैनात किया गया। शहर को शांतिपूर्ण बनाए रखने के लिए पुलिस हाई अलर्ट पर रही। एसपी सिटी रणविजय सिंह ने खुद ड्रोन कैमरे की मदद से इलाके की निगरानी की। पुलिस की सख्ती और सजगता के बीच जुम्मे की नमाज शांतिपूर्वक अदा की गई। एसपी सिटी रणविजय सिंह ने बताया कि त्योहारों और संवेदनशील हालातों को देखते हुए मुरादाबाद पुलिस लगातार सतर्क है। शहरभर में रोजाना फ्लैग मार्च किया जा रहा है और माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वाले किसी भी शरारती तत्व को बख्शा नहीं जाएगा।



# जिला अस्पताल के वॉशरूम में महिला की वीडियो बनाई, परिजनों ने मनचले को खूब पीटा, पुलिस को सौंपा

मुरादाबाद- बेटी वॉशरूम में गई तो एक युवक ने रोशनदान से अंदर का वीडियो बना लिया। महिला को भनक लगी तो उसने चिल्लाना शुरू किया। मुरादाबाद के जिला अस्पताल के हड्डी वार्ड में भर्ती एक बुजुर्ग के कूल्हे का ऑपरेशन होना है। बृहस्पतिवार को उनकी बेटी व दामाद उन्हें भर्ती कराने अस्पताल पहुंचे थे। इसी दौरान उनकी बेटी वॉशरूम में गई तो एक युवक ने रोशनदान से अंदर का वीडियो बना लिया। महिला को भनक लगी तो उसने चिल्लाना शुरू किया।आरोप है कि महिला बाहर निकली तो आरोपी यूसुफ ने उसके साथ छेड़छाड़ की। शोर सुनकर वॉशरूम के बाहर खड़े महिला के पति ने आरोपी को पकड़ लिया। मौके पर भीड़ एकत्र हो गई। भीड़ ने आरोपी की पिटाई की।इसके बाद महिला के परिजन आरोपी को लेकर सिविल लाइंस थाने पहुंचे। वहां महिला के पति की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। सिविल लाइंस थाने के प्रभारी मनीष सक्सेना ने बताया कि आरोपी को जेल भेज दिया गया है। मौके पर मौजूद लोगों के मुताबिक आरोपी के मोबाइल से कुछ और इसी तरह की वीडियो मिली हैं। उससे पहले भी जिला अस्पताल के आसपास घूमते देखा गया है

# जामा मस्जिद के सदर जफर अली की जमानत अर्जी फिर खारिज, कोर्ट ने दी अगली तारीख

मुरादाबाद- जामा मस्जिद के सदर जफर अली को जमानत याचिका कोर्ट ने रद्द कर दी है। जफर अली को संभल में हुए दंगे भड़काने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। फिलहाल वह मुरादाबाद जेल में बंद हैं संभल की जामा मस्जिद के सदर जफर अली एडवोकेट की जमानत याचिका कोर्ट ने फिर से खारिज कर दी गई है। सदर जफर अली दंगे भड़काने के आरोप में 23 मार्च से जेल में हैं। इसको लेकर जिले के अधिवक्ता आंदोलन भी कर रहे हैं। शुक्रवार को जफर अली एडवोकेट की जमानत अर्जी की सुनवाई अपर जनपद न्यायाधीश ( एमपी एमएलए सेशन कोर्ट ) निर्भय नारायण राय के न्यायालय में हुई। सुनवाई के दौरान परिसर में पुलिस का कड़ा पहरा रहा।जफर अली के बेटे व रिश्तेदारों से अशांति का खतरा, पुलिस ने किया पाबंद- जामा मस्जिद कमेटी के सदर जफर अली के बेटे हैदर अली, भाई मोहम्मद ताहिर एडवोकेट, कमर हुसैन, भतीजे नाजिश और दानिश से अशांति का अंदेशा है। इसके चलते कोतवाली पुलिस ने सभी को एक-एक लाख रुपये के मुचलकों से पाबंद करते हुए नोटिस दिया है। कहा कि है कि यदि माहौल बिगड़ता है तो इन्हें जिम्मेदार माना जाएगा। वहीं, दूसरी ओर अशांति के अंदेशे में शहर के 1800 लोग पहले से पाबंद किए जा चुके हैं। इसमें सांसद जियाउर्रहमान बर्क व उनके पिता ममलुकुर्रहमान बर्क शामिल हैं। जफर अली 24 नवंबर को हुए बवाल कराने की साजिश समेत कई गंभीर आरोप में जेल भेजे जा चुके हैं। उनके बड़े भाई मोहम्मद ताहिर ने भी पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों पर सवाल उठाए थे।जिससे अशांति का अंदेशा पैदा हुआ। एसआईटी के दरोगा आशीष तोमर की ओर से यह कार्रवाई की गई है। बताया कि अशांति के अंदेशे में जामा मस्जिद कमेटी के सदर जफर अली के परिवार के सदस्यों को एक-एक लाख रुपये के मुचलके से पाबंद किया गया है। साथ ही नोटिस भी तामील करा दिया गया है।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

ज्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# दो लाख रुपए के लिए पुलिसकर्मियों ने युवक को किया अगवा, फिर मांगे रुपए

## एसएसपी ने चौकी प्रभारी समेत तीन को किया सस्पेंड

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा






बरेली। बरेली जिले के फतेहगंज पश्चिमी कस्बे में वर्दी की आड़ में पुलिस कर्मियों का वसूली का मामला सामने आया है। स्मैक तस्करी के लिए पहले से चर्चित इस क्षेत्र में एक युवक को फर्जी आरोप में फंसाकर पुलिसकर्मियों द्वारा दो लाख रुपये की मांग की गई। मामले की जांच के बाद एसएसपी ने तीनों आरोपी पुलिसकर्मियों को निलंबित कर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है। घटना बीती रात की है, जब फतेहगंज पश्चिमी चौकी प्रभारी बलवीर सिंह, सिपाही मोहित चौधरी और हिमांशु, भिटौरा गांव निवासी किसान बलवीर के घर पहुंचे। परिजनों के अनुसार, पुलिसकर्मियों ने बिना वारंट घर में घुसकर तलाशी ली, सामान बिखेर दिया और बलवीर को जबरन उठा ले गए। पीड़ित का आरोप है कि बलवीर को एक निजी आवास में ले जाकर बंद कर दिया गया और परिजनों को सूचना दी गई कि वह स्मैक तस्करी में शामिल हैं। उन्हें छोड़ने के बदले दो लाख रुपये की मांग की गई। बलवीर के परिवार ने तत्काल आईजी और एसएसपी बरेली से संपर्क किया। साथ ही घटना की जानकारी दी। जिस पर एसएसपी ने तीनों आरोपियों को किया निलंबित कर दिया। बताते चलें कि एसएसपी के निर्देश पर सीओ हाईवे मौके पर पहुंचे तो आरोपी पुलिसकर्मी भाग निकले। इसके बाद बलवीर को छुड़ाया गया। जांच में आरोप सही पाए जाने पर फतेहगंज पश्चिमी चौकी प्रभारी समेत तीनों पुलिसकर्मियों पर एफआईआर दर्ज कर दी गई। एसपी उत्तरी मुकेश मिश्रा ने बताया कि तीनों को निलंबित कर दिया गया हैं। साथ ही आरोपियों की तलाश जारी है।

# तीन महिलाओं सहित दस पुरुष गिरफ्तार पॉश इलाके के कैफे में रातभर चली कार्रवाई

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा




बरेली। पॉश इलाके डीडीपुरम में कैफे की आड़ में न केवल हुक्का बार चल रहे थे, बल्कि युवाओं को शराब भी परोसी जा रही थी। बीती रात आठ बजे से पुलिस और आबकारी विभाग की टीम ने यहां छापा मारी शुरू की, जो शुक्रवार तड़के पांच बजे तक चलती रही। इस दौरान हुक्का बारों से तीन महिलाओं व 10 पुरुषों को गिरफ्तार किया गया। नौ हुक्का, 10 बोतल अंग्रेजी शराब और 11 मोबाइल बरामद किए गए। आबकारी निरीक्षक सुधांशु चौधरी ने 12 नामजद और तीन अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। नायब तहसीलदार विधिक कुमार सिंह ने सात हुक्का बार सील कर दिए हैं। आबकारी निरीक्षक सुधांशु चौधरी का कहना है कि उनको बृहस्पतिवार रात सूचना मिली कि प्रेम नगर थाने के डीडीपुरम में कैफे की आड़ में हुक्का बार चल रहे हैं। अधिकारियों को सूचना दी और वह आबकारी टीम के साथ डेलापीर पुलिस चौकी पहुंचे। वहां से पुलिस फोर्स को साथ लिया। पुलिस ने कई अन्य कैफों पर भी छापा मारा गया। कार्रवाई होता देखकर आसपास के कैफे संचालक कैफे बंद करके भाग गए। सूचना पर प्रशासनिक टीम भी आ गई। नायब तहसीलदार विधिक कुमार सिंह ने सात हुक्का बार को सील कराया है। एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया कि गोपनीय हेल्पलाइन नंबर पर सूचना मिली थी कि डीडीपुरम में कुछ हुक्का बार चल रहे हैं, जिनमें अवैध रूप से हुक्का, शराब नाबालिगों को भी परोसी जा रही है। इस पर टीम बनाकर कार्रवाई की गई। मौके से 13 लोगों हिरासत में लिया गया है। इनमें तीन महिलाएं हैं।

# आसिफ से बना आशीष ने छात्रा को प्रेम जाल में फसा कर होटल में ले जाकर किया दुष्कर्म ,मुकदमा दर्ज

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली।फरीदपुर बरेली। तहसील क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 19 वर्षीय हिंदू दलित छात्रा के साथ एक मुस्लिम युवक ने उसे अपने प्रेम जाल में फंसा कर खुद के फर्जी दस्तावेज तैयार कर अपने को हिंदू युवक दर्शाकर कई महीने तक करता रहा शारीरिक शोषण। शादी का झांसा देकर गुरुवार को उसे एक होटल में ले जाकर उसके साथ किया दुष्कर्म। असलियत खुलने पर छात्र की सूचना पर उसके परिजनों ने उसकी पुत्री के साथ लव जिहाद का आरोप लगाते हुए आरोपी युवक के खिलाफ थाना फरीदपुर पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। तहसील क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 19 वर्षीय छात्रा के पिता ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी पुत्री फरीदपुर में राजकीय डिग्री कॉलेज में पढ़ती है वह बृहस्पतिवार को घर से कॉलेज में पढ़ने आई हुई थी पढ़ने के बाद जब वह समय पर घर नहीं पहुंची तो उसकी तलाश करने फरीदपुर पहुंचे तो उन्हें उनकी पुत्री एक रेस्टोरेंट के पास सड़क के किनारे खड़ी हुई मिली जिससे मैंने समय पर घर न पहुंचने का कारण पूछा तो उसने बताया कि मैं पिछले तीन-चार महीने से एक लड़के को जानती हूं जिसका नाम आसिफ कुरेशी है फरीदपुर का रहने वाला है वह मुझे अपना नाम आशीष कुमार साहू बताकर मिला था और उसने फर्जी आधार कार्ड भी आशीष कुमार साहू नाम से बनवा लिया था और अपने प्रेम जाल में फंसा लिया था।वह मुझे बृहस्पतिवार को समय लगभग 12=00 बजे वहला फुसलाकर एक शाहजहांपुर जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित एक ढाबे पर ले गया था और मेरी मर्जी के बिना मेरे साथ शारीरिक संबंध बनाएं। उसकी पुत्री को आज ही पता चला कि उपरोक्त युवक ने अपना धर्म छुपा कर आशीष कुमार साहू के नाम से मिला था जिसने मेरे साथ जबरन दुष्कर्म कर फरार हो गया। छात्रा के परिजनों ने घटना की तहरीर थाना पुलिस को देकर आरोपी युवक के खिलाफ अपना धर्म छुपा कर फर्जी आधार कार्ड आशीष कुमार साहू के नाम से बनवाकर उसकी पुत्री के साथ दुष्कर्म करने का मुकदमा दर्ज कराया है। वही इसकी सूचना जैसे ही हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं को हुई तो उन में आक्रोश फैल गया और इस घटना पर कड़ा रोष व्यक्त करते हुए थाना पुलिस से शीघ्र ही आरोपी युवक के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की है। वहीं पुलिस ने छात्रा को मेडिकल के लिए भेज दिया और आरोपी युवक को जेल भेज दिया।

# न्याय पंचायत कुंवरपुर बंजरिया में उत्सव मनाकर बांटा गया परीक्षाफल,पाकर खुश हुए छात्र -छात्राएं

क्यूँ न लिखूँ सच




